प्रश्नपत्र संख्या

25 05 1

हिंदी विकास मंच द्वारा आयोजित

# अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड

विद्यालय का नाम – .................................................................................... राज्य ...........................

प्रतियोगी का नाम – ..................................................... ह० ...................... अनुक्रमांक: ......................

कुल समय : 1 घंटा | **कक्षा-पाँचवी** | कुल अंक: 100

**निर्देश:** 1) सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प चुनिए।

2) प्रत्येक प्रश्न 2½ अंक का है।

3) किसी प्रश्न का उत्तर न देने पर न तो अंक दिए जाएँगे न ही काटे जाएँगे।

4) एक से अधिक उत्तर देने पर या गलत उत्तर देने पर (–½) नकारात्मक अंक दिए जाएँगे।

**परीक्षा उपरांत प्रश्न पत्र एवं उत्तर पत्रिका कक्ष निरीक्षक को दें।**

**प्रश्न 1. सप्ताह का प्रथम दिन कौन-सा होता है?**

(क) सोमवार (ख) रविवार (ग) शनिवार

**प्रश्न 2. फिल्म में अभिनेता-अभिनेत्रियाँ भाषा के किस रूप का प्रयोग करते हैं-**

(क) मौखिक भाषा का (ख) लिखित भाषा का (ग) सांकेतिक भाषा का

**प्रश्न 3. किस शब्द में संयुक्त व्यंजन नहीं है?**

(क) प्रतीक्षा (ख) प्रतिज्ञा (ग) प्रतिमा

**प्रश्न 4. य, र, ल, व - कौन से व्यंजन है?**

(क) स्पर्श (ख) ऊष्मा (ग) अंतस्थ

**प्रश्न 5. जब 'र' स्वर-सहित होता है तो वह कहाँ लगता है?**

(क) पदेन (ख) ऊपर (ग) पीछे

**प्रश्न 6. 'पगड़ी' कैसा शब्द है?**

(क) तत्सम (ख) देशज (ग) तद्भव

**प्रश्न 7. 'वैभव समाज की भलाई करता है।' वाक्य में 'भलाई' कौन सी संज्ञा है?**

(क) व्यक्तिवाचक (ख) भाववाचक (ग) जातिवाचक

**प्रश्न 8. 'मिलाना' से बना भाववाचक संज्ञा शब्द है-**

(क) मिलाई (ख) मिलनख (ग) मिलावट

**प्रश्न 9. किसी वस्तु के सामान्य बहुवचन रूप में बिंदी या चंद्रबिंदु आने पर उस वस्तु का लिंग क्या होगा?**

(क) स्त्रीलिंग (ख) स्त्रीलिंग और पुल्लिंग (ग) पुल्लिंग

**प्रश्न 10. पुल्लिंग स्त्रीलिंग का कौन-सा जोड़ा सही नहीं है?**

(क) पति-पत्नी (ख) नर-मादा (ग) मकड़ा-मकड़ी

**प्रश्न 11. 'पत्ती का सही बहुवचन रूप होगा'-**

(क) पत्तियों (ख) पत्तियाँ (ग) पत्ते

**प्रश्न 12. 'गंगा हिमालय से निकलती है।' 'हिमालय से' में कौन-सा कारक है?**

(क) कर्म कारक (ख) करण कारक (ग) अपादान कारक

**प्रश्न 13. संबंध कारक का उदाहरण है-**

(क) यह महात्मा गांधी का चित्र है

(ख) यह मिठाई राम के लिए है

(ग) यह पुस्तक रोहन को दे दो

**प्रश्न 14. उसने ताँबे के गिलास में थोड़ा पानी लेकर पिया। इस वाक्य में सर्वनाम है-**

(क) थोड़ा (ख) लेकर (ग) उसने

**प्रश्न 15. सार्वनामिक विशेषण किसके आगे लगाते हैं?**

(क) क्रिया के (ख) संज्ञा के (ग) सर्वनाम के

**प्रश्न 16. 'रवि को एक मकान चाहिए।' एक शब्द किस विशेषण का भेद है?**

(क) गुणवाचक (ख) परिमाणवाचक (ग) संख्यावाचक

**प्रश्न 17. क्रिया के मूल रूप को क्या कहा जाता है?**

(क) कर्म (ख) कर्ता (ग) धातु

**प्रश्न 18. "मैं शशांक को पत्र लिखूँगा।" क्रिया का भेद बताइए-**

(क) अकर्मक (ख) सकर्मक (ग) द्विकर्मक

**प्रश्न 19. वर्तमान काल का उदाहरण है-**

(क) रवि खाता है (ख) वह उड़ेगा (ग) उसने फल तोड़ा

**प्रश्न 20. 'तान्या आज भी स्कूल नहीं आई।' अर्थ के आधार पर वाक्य का भेद बताइए-**

(क) विधान वाचक वाक्य (ख) संकेत वाचक वाक्य (ग) निषेध वाचक वाक्य

**प्रश्न 21. किस वाक्य में सही विराम चिह्न लगे हैं?**

(क) वह कब आया पता ही नहीं चला।

(ख) अरे? तुम चले गए?

(ग) मुझे जूते जुराब और कपड़े लेने हैं।

**प्रश्न 22. निम्न में से कौन-सा शब्द 'पुष्प' का पर्यायवाची नहीं है?**

(क) सुमन (ख) प्रसून (ग) सरोज

**प्रश्न 23. 'दुर्लभ' का विलोम शब्द बताइए।**

(क) अलभ (ख) अन्य (ग) सुलभ

**प्रश्न 24. 'कुल-कूल' का सही अर्थ का जोड़ा होगा-**

(क) वंश-ठंडा (ख) वंश-किनारा (ग) योग-वंश

**प्रश्न 25. गणितज्ञ शब्द का प्रयोग किसके लिए ठीक रहेगा-**

(क) जो गणित के सवाल हल करता हो

(ख) जो गणित लिखता हो

(ग) जो गणित का ज्ञाता हो

**प्रश्न 26. 'हार' के अनेकार्थी किस में सही है?**

(क) पराजित, गोल (ख) हारना, गले का हार (ग) जीतना, प्रिय होना

**प्रश्न 27. निम्न शब्द का उचित अनुनासिक वाला शब्द कौन-सा है?**

(क) दाँत (ख) दतँ (ग) दांत

**प्रश्न 28. 'ढोल पीटना' मुहावरे का सटीक प्रयोग किस वाक्य में हुआ है?**

(क) रमेश को यह बात मत बताओ वरना वह सारे स्कूल में ढोल पीट देगा

(ख) भांगड़ा में ढोल पीटा गया

(ग) वह ढोल पीटना खूब जानता है

**प्रश्न 29. 'मैं मेरे घर जा रहा हूँ।' वाक्य का शुद्ध रूप कौन-सा है-**

(क) घर जा रहा हूँ मैं मेरे (ख) मैं अपने घर जा रहा हूँ (ग) मेरे घर में जा रहा हूँ

**प्रश्न 30. 22 को हिंदी में किस प्रकार लिखेंगे?**

(क) वाइस (ख) बाइस (ग) बाईस

**(अपठित गद्यांश)**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

कॉलोनी में कुछ दूरी पर सड़क के किनारे बड़ा-सा पार्क था। शाम को बच्चे वहाँ खेलते थे। कुछ लोगों ने वहाँ अपने घर का कूड़ा-करकट डालना शुरू कर दिया। वर्षा ऋतु में पानी बरसने पर कूड़ा सड़ने लगा। इससे चारों ओर दुर्गंध फैलने लगी। कुछ लोगों ने इसकी शिकायत की, पर बात नहीं बनी। फिर कुछ लोगों ने यहाँ खुद सफाई करने का फैसला किया। रविवार को उन्होंने कूड़ा एकत्र किया और कूड़े की गाड़ी से कूड़ेदान में फिंकवाया। उन्होंने नर्सरी से पौधे मँगवाकर वहाँ लगवाए और उसकी देखभाल करने लगे। दो महीने में ही पार्क साफ़-सुथरा और हरा-भरा हो गया।

**प्रश्न 31. बड़ा-सा पार्क कहाँ था?**

(क) नदी के किनारे (ख) सड़क के किनारे (ग) तालाब के किनारे

**प्रश्न 32. दुर्गंध पहले का क्या कारण था?**

(क) बच्चों का खेलने (ख) कूड़ा कूड़ेदान में डालना (ग) कूड़ा सड़ना

**प्रश्न 33. लोगों ने क्या फैसला किया?**

(क) कूड़ा फेंकने का (ख) सफाई करने का (ग) शिकायत करने का

**प्रश्न 34. सफाई का काम कब शुरू किया गया?**

(क) सोमवार को (ख) शनिवार को (ग) रविवार को

**प्रश्न 35. 'दुर्गंध 'का विलोम शब्द कौन-सा है?**

(क) खुशबू (ख) सुगंधा (ग) सुगंध

**नीचे दिए गए काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनिए।**

कल-कल छल-छल कल-कल छल-छल
चल-चल छल-छल बहती जाती,
मैं मस्त अकेली लहरों में
उठ-गिर गाती, बहती जाती।

मेरी गति को कब रोक सके
पर्वत विशाल पथ में आकर,
मेरी गति को कम कर ना सके
बीहड़ वन, दुर्गम गिरि, गह्वर

**प्रश्न 36. कविता में "मैं" कौन है?**

(क) कवि (ख) नदी (ग) कवियत्री

**प्रश्न 37. लहरें क्या कहती हैं?**

(क) उठती हैं (ख) गिरती, बहती है (ग) सभी उत्तर सही हैं

**प्रश्न 38. कौन बहाव को रोक नहीं पाए?**

(क) पहाड़ (ख) बादल (ग) सूरज

**प्रश्न 39. लहरों की गति को कौन कम करना चाहता था?**

(क) शहर (ख) गाँव (ग) वन

**प्रश्न 40. 'दुर्गम' का विलोम शब्द क्या होगा?**

(क) सुगम (ख) अगम (ग) निगम